प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

मानीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया किसान मेले का उद्घाटन

पंतनगर। 6 फरवरी, 2025। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान राजकीय महाविद्यालय विथ्याणी, ब्लॉक यमकेश्वर, पौड़ी–गढ़वाल में आयोजित दो–दिवसीय किसान मेले में शामिल हुए, जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन करने के साथ ही किसानों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और उनके लाभों की जानकारी प्राप्त की तथा अपने संबोधन में भारत में खाद्यान्न संकट की चर्चा करते हुए इस बात पर विशेष जोर दिया कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय ने हरित क्रांति की शुरुआत कर देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने में एक अहम भूमिका निभाई थी, साथ ही इस अवसर पर कुलपति डा. चौहान द्वारा माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विश्वविद्यालय की ओर से एक प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया। मेले में कुलपति जी द्वारा स्थानीय कृषकों को बकरियां वितरित की गई। किसान मेला प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, निदेशक, राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान केंद्र, करनाल डा. धीर सिंह, संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा डा. ए.के. उनियाल, सचिव, बिपिन रावत वार मेमोरियल संस्था श्री मनजीत नेगी, मुख्य विकास अधिकारी, श्री गिरीश गुणवंत, विथ्याणी महाविद्यालय प्राचार्य श्री योगेश कुमार शर्मा, संयुक्त मजिस्ट्रेट पौड़ी श्री दीपक रामचंद्र सेठ, उप जिलाधिकारी यमकेश्वर श्री अनिल चन्याल, लेंसडॉन शालिनी मौर्य, श्रीनगर नूपुर वर्मा, निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जितेन्द्र क्वात्रा, डा. आर.के. शर्मा सहित अन्य अधिकारी व स्थानीय कृषक उपस्थित थे।

माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ को प्रतीक चिन्ह भेंट करते पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार